प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
30.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

पंचायत चुनाव

प्रदेश में आज तीसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान जारी है। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ जो दोपहर बाद 3 बजे तक चलेगा। मतदान के तुरंत बाद प्रधान, उप–प्रधान तथ वार्ड सदस्यों के लिए पड़े वोटों की गिनती होगी जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए हुए मतदान की गिनती कल 31 मई को होगी। इसी दिन प्रदेश के चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के लिए हुए चुनाव की मतगणना भी की जाएगी। आज प्रदेश की एक हजार एक सौ नवासी पंचायतों में वोट डाले जा रहे हैं। इस चरण में करीब 16 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। शिमला के रामपुर में नैन पंचायत के वार्ड 1 में स्थगित हुए चुनाव के लिए भी आज ही वोट डाले जा रहे हैं। निर्वाचन अधिकारी संजीवन महाजन ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी, स्वतंत्र व निष्पक्ष ढंग से जारी है।

सिरमौर–चुनाव

सिरमौर जिला में नवासी पंचायतों में मतदान जारी है। मतदान सुबह ठीक सात बजे शुरू हुआ जो सायं तीन बजे तक चलेगा। जिले में 515 बूथों में वोट डाले जा रहे हैं। जिले की ग्राम पंचायत खड़ाहन में 101 वर्षीय पदम दास ने वोट डाला।

सोलन–चुनाव

इधर सोलन ज़िला में आज तीसरे व अंतिम चरण के लिए जिल की 82 ग्राम पंचायतों में मतदान जारी है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने बताया कि इन ग्राम पंचायतों में कुल एक लाख आठ हजार एक सौ 56 मतदाता हैं। इनमें 55 हजार एक सौ 23 पुरुष तथा 53 हजार 33 महिला मतदाता हैं। निर्वाचन के लिए कुल 4 सौ 90 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

चंबा–पंचायत चुनाव

चंबा जिला में भी आज 86 ग्राम पंचायतों में मतदान प्रक्रिया जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस चरण के लिए विकास खंड चम्बा की 15, तीसा की 17, मैहला की 17, सलूणी की 14 और भटियात की 23 पंचायतों में वोट डाले जा रहे हैं। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने मतदाताओं ने इस महापर्व में बढ़–चढ़कर भाग लिया है।

कुल्लू–चुनाव

उधर कुल्लू ज़िला की 76 ग्राम पंचायतों में मतदान के लिए 426 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिले में 99 हजार 607 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए गए हैं व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जिला की जरड़ पंचायत में 85 वर्षीय देवी सिंह ठाकुर ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतगणना

प्रदेश के जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्यों तथा चार नगर निगमों के मतों की गणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश के 91 विकाखंडों में कल 31 मई को सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी। जिला परिषद वार्डों की मतगणना के लिए विशेष इंतजाम किए गए है। प्रत्येक जिला परिषद वार्ड में मतगणना के लिए 15 से 20 टेबल लगाए जाएंगे। जबकि एक वार्ड की मतगणना में करीब 35 कर्मचारी और अधिकारी तैनात होंगे। प्रदेश के चार नगर निगमों सोलन, मंडी, धर्मशाला और पालमपुर के चुनाव परिणामों के लेकर भी प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

कुल्लू–मतगणना

कुल्लू जिला के बंजार जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना प्रक्रिया में इस वर्ष पहली बार महिला अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वतंत्र रूप से मतगणना कार्य के लिए नियुक्त किया गया है। महिला सशक्तिकरण व प्रशासनिक कार्यों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल यानि 31 मई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

ज्ञान भारतम् मिशन

केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत 'ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण' के माध्यम से देश की प्राचीन, दुर्लभ और हस्तलिखित पांडुलिपियों को सहेजने, उनका दस्तावेजीकरण करने और उन्हें डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा रहा है। विभिन्न परिवारों, मंदिरों, मठों, शैक्षणिक संस्थानों और संग्रहालयों में शताब्दियों से रखी पांडुलिपियों को आधुनिक तकनीक से 'ज्ञान भारतम् मोबाइल ऐप' द्वारा आम नागरिक, मंदिर या निजी संग्रहकर्ता अपनी पांडुलिपियों की जानकारी और तस्वीरें अपलोड कर सकते हैं। प्रदेश के ऊना जिले में भी इस सर्वेक्षण को गति दी जा रही है।